नवभारत टाइम्स

मल्टी स्टोरी फ्लैट्स : अलग एरिया, अलग सर्कल रेट

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

सिटी में 4 मंजिल से ज्यादा के फ्लैट्स के सर्कल रेट समान

इस महीने के अंत तक सर्कल रेट बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच मल्टी स्टोरी फ्लैट में रहने वाले लोग और प्रॉपर्टी टैक्स एक्सपर्ट की मांग है कि मल्टी स्टोरी फ्लैटों का सर्कल रेट भी कैटगरी के हिसाब से तय किए जाएं। अब तक 4 मंजिल से ज्यादा के मल्टी स्टोरी फ्लैटों के लिए सर्कल रेट 85,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से तय किए गए हैं चाहे यह सिटी के किसी भी एरिया में क्यों न हो।

प्रॉपर्टी एक्सपर्ट श्याम मोहन अग्रवाल के मुताबिक, फिलहाल अगर प्रॉपर्टी वसंत विहार में है तो वहां के सर्कल रेट अलग हैं, ऐसे ही जनकपुरी के लिए अलग रेट हैं। अगर 4 मंजिल से ज्यादा के मल्टी स्टोरी फ्लैट हैं भले ही वे लिफ्ट वाले हों या बगैर लिफ्ट वाले उनके सबके रेट एक जैसे हैं यानी 85,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर। इनके सर्कल रेट एरिया के हिसाब से प्लॉट के आधार पर किए जाने चाहिए, क्योंकि कई कॉलोनियों में प्लॉट के सर्कल रेट 85,000 रुपये प्रति वर्ग मीटर से कम हैं, जबकि मल्टी स्टोरी फ्लैटों के लिए सर्कल रेट ज्यादा हैं।

रोहिणी को डीडीए ने 4 फेज में काटा है। रोहिणी सेक्टर-1 से 19 तक पहले फेज में काटा गया है। यह सेमी डिवलेप्ड एरिया है। दूसरा फेज 20 से 25 सेक्टर अंडर डिवलेप्ड एरिया आता है। तीसरा फेज सेक्टर-26 से 32 तक आता है, जो पूरी तरह से अनडिवलेप्ड एरिया है। लेकिन यहां सर्कल रेट सभी के एक जैसे दिए गए हैं। अगर मार्केट रेट के मुताबिक, देखा जाए तो प्रॉपर्टी के रेट यहां 50 हजार गज से लेकर 5 लाख गज तक हैं। इसलिए यहां सर्कल रेट भी अलग- अलग किए जाने की डिमांड की जा रही है। इतना ही नहीं इन सभी सेक्टरों के लिए दिल्ली सरकार ने सब रजिस्ट्रार के ऑफिस भी अलग-अलग बनाए हैं।